राष्ट्रीय सहारा

NEW DELHI	
26 APRIL 2018	PAGE – 15
CIRCULATION – 1,71,156	

सरकार युवा वर्ग को स्वरोजगार के अवसर देने के लिए कृत संकल्प

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार ने कहा कि सरकार युवा वर्ग को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। इसके लिए वह देश के विभिन्न उद्यमियों विशेषकर स्वास्थ, कृषि, लघु उद्योग से जुड़े लोग केंद्र सरकार के विजन को साकार करने के लिए एक मंच पर कार्य करें।

यहां आयोजित सरकार की नीतियां: स्वास्थ्य उद्योग की स्थिति विषयक वार्षिक सम्मेलन में डा. कुमार ने ईवीजीसंघ (ईवीजी) का 16वां संस्करण जारी किया। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रत्यक्ष विक्री मंडल (आईडीएसए) की वार्षिक सर्वे रिपोर्ट 2016-17 भी जारी की गई। इस मौके पर भारत में यूरोपीय संघ के दूत तोमास्ज कोज्लॉस्की भी मौजूद थे। ईवीजी फाउंडेशन इंडिया के चेयरमैन रमन सिद्धू ने कहा कि भारत और यूरोपीय कंपनियों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य का सहयोग करने के लिए सभी ईवीजी सदस्यों का समर्पण देखकर काफी खुशी हुई।

इस नए पोजीशन पेपर का लक्ष्य भारत में उद्योगों द्वारा जिन समस्याओं का सामना किया जाता है, उनका पता लगाना है।